pan>

Title: Regarding shortage of drinking water in Rajashthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान राजस्थान में पानी की कमी की ओर दिलाना चाहता हूँ। राजस्थान एक सूखा प्रदेश है और पीने के पानी और सिंचाई की योजनाओं के लिए वहाँ पानी की बहुत कमी है। चूँकि राजस्थान आर्थिक रूप से भी कमज़ोर है, अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि राजस्थान की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पेयजल और सिंचाई योजनाओं को पूर्ण करने के लिए 10 हज़ार करोड़ रुपये का एक विशेष पैकेज राजस्थान को दिया जाए।

माननीय सभापति:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।